Regarding alleged Bangladeshi infiltration and religious conversion

डॉ. निशिकांत दुबे (गोड्डा) : सभापति महोदय, मैं इस सदन का ध्यान और इस देश का ध्यान हमारे इलाके में जो पिछले 20-25 साल में डेमोग्राफी चेंज हुई है, उसकी ओर आकर्षित करना चाहता हूं । तिरुपति से पशुपति एक नक्सल कॉरीडोर बना, जिसके कारण हम लोगों के अमीर होते हुए भी, हमारे पास इतने माइन्स और मिनरल होते हुए भी हमारे लोग आगे नहीं बढ़ पाए हैं तथा आज भी वे विस्थापन एवं पलायन के शिकार हैं । पिछले 20-25 सालों से राजनीतिक स्थितियों के कारण एक ऐसा कॉरीडोर बन रहा है, जो असम के लखीमपुर से चल रहा है, वह बरपेटा और नागांव होते हुए, बंगाल के मालदा, मुर्शीदाबाद का इलाका, किशनगंज, अररिया, पुर्णिया, कटिहार, पाकुड़, साहबगंज, गोड्डा, जामतारा का पूरा एरिया बांग्लादेशी घुसपैठियों का एक बड़ा केन्द्र हो गया है । अन्य प्रकार की जो राज्य सरकारें हैं, उनको अलग-अलग समय पर येन-केन-प्रकारेण वोट बैंक की पॉलिटिक्स के कारण मदद कर रही हैं ।

हमारे यहां जो स्थिति है कि 36 परसेंट आदिवासियों की आबादी झारखंड में होती थी, आज वह 26 परसेंट है । मैंने कई बार कहा है कि डिलिमिटेशन पूरे देश भर में हो गया, लेकिन झारखण्ड में डिलिमिटेशन इसलिए नहीं हुआ कि आदिवासी पॉप्युलेशन मुसलमानों के कारण घट गयी और इस कारण से एक लोक सभा की सीट और तीन विधान सभा की सीट अनरिजर्व हो जाएगी, इसीलिए डिलिमिटेशन नहीं हो पाया । हम शेड्यूल्ड कास्ट, शेड्यूल्ड ट्राइब्स के अपलिफ्टमेंट की बात करते हैं, लेकिन प्रत्येक पॉलिटिकल पार्टी वोट बैंक की पॉलिटिक्स में बांग्लादेशी घुसपैठियों का समर्थन करती है और अभी जो कांग्रेस के युवराज की यात्रा चल रही है, यही बांग्लादेशी घुसपैठियों के रूट पर चल रही है । मेरा आपके माध्यम से सरकार से आग्रह है कि हमारी जो आदिवासी पॉप्युलेशन घट रही है, बांग्लादेश के मुसलमान उनसे शादी कर रहे हैं, उसके ऊपर रोक लगाइए । हमारी जमीन पर जो कब्जा कर रहे हैं, उसके ऊपर रोक लगाइए । साइबर क्राइम का एक बड़ा सेंटर जामताड़ा, देवघर और गोड्डा होता जा रहा है, उसको रोकिए । ? (व्यवधान) तीसरा, एनआईए का एक ऑफिस वहां स्थापित कीजिए और एनआरसी पूरे देश में सबसे पहले हमारे यहां लागू करिए । ? (व्यवधान) जिससे हम बांग्लादेशी मुसलमानों से अपना बचाव करें ।? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** आप बैठ जाइए । इसको देख लेंगे ।

? (व्यवधान)